भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1133**

जिसका उत्तर सोमवार, 2 दिसम्बर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया गया

**भारतीय स्टेट बैंक की नई शाखाएँ खोलना**

1133. श्री गोपाल जी ठाकुर:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार चालू वित्त वर्ष के दौरान भारतीय स्टेट बैंक की नई शाखाएं खोलने का है;

(ख) क्या दरभंगा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भारतीय स्टेट बैंक की शाखाएं कम हैं जिनके कारण लोगों को बैंकिंग कार्यों में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) क्या सरकार का विचार आम जनता की समस्या के समाधान के लिए पांच किलोमीटर की दूरी के भीतर भारतीय स्टेट बैंक की एक शाखा खोलने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

**(क) से (घ):** भारतीय स्टेट बैंक की वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान पूरे भारत में 500 नई शाखाएं खोलने की योजना है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान दिनांक 31.10.2024 की स्थिति के अनुसार 135 नई शाखाएं पहले ही खोली जा चुकी हैं।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, दरभंगा जिले में एसबीआई की 34 शाखाएं हैं, जिनमें से 14 शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। दरभंगा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में एसबीआई की एक शाखा खोलने की प्रक्रिया चल रही है।

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा "शाखा प्राधिकार नीति के युक्तिकरण" के संबंध में 18 मई, 2017 को जारी परिपत्र के संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार "शाखा" शब्द को "बैंकिंग आउटलेट (बीओ)" से प्रतिस्थापित किया गया है। इसमें पारंपरिक शाखाएं और व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) आउटलेट, दोनों, शामिल हैं, ताकि बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राहकों को निर्विघ्न सेवा उपलब्ध कराने के लिए दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भी कम लागत पर अपने नेटवर्क का विस्तार कर सकें।

वर्तमान में सरकार का प्रयास देश के सभी आबादी वाले गांवों के 5 किलोमीटर के दायरे में एक बैंकिंग आउटलेट [बैंक की शाखा/व्यवसाय प्रतिनिधि/भारतीय डाक भुगतान बैंक (आईपीपीबी)] की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। बैंकिंग आउटेलट की उपलब्धता की निगरानी भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) पर आधारित ऐप, अर्थात जन धन दर्शक (जेडीडी) ऐप, द्वारा की जाती है।

बैंकों द्वारा जन धन दर्शक (जेडीडी) ऐप पर अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार, बिहार के सभी 39,133 गांवों में 5 किमी. के दायरे में बैंकिंग आउटलेट मौजूद हैं। बिहार राज्य में बैंकिंग अवसंरचना निम्नानुसार है:-

| **जिला/राज्य** | **शाखा** | **बीसी** | **एटीएम** | **आईपीपीबी** |
|---|---:|---:|---:|---:|
| **दरभंगा जिला** | 252 | 8,007 | 206 | 343 |
| **बिहार** | 8,188 | 1,75,763 | 6,609 | 9,058 |

*स्रोत: जन धन दर्शक ऐप*

*****